# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(तेरहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## मंगलवार, 20 दिसम्बर, 2016/ 29 अग्रहायण, 1938 (शक्)

----

[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].

कुल प्रश्न - 33

----

### उद्योगों की स्थापना

*3535 **श्री इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**
**श्री किशोरी लाल(बैजनाथ) :**
**श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने नये उद्योग स्थापित किए गए और कितने पुराने उद्योग पलायन कर गये; ब्यौरा दें;

(ख) नये उद्योग स्थापित होने के उपरान्त कितने लोगों को रोज़गार दिया गया तथा उद्योग बन्द होने से कितने लोगों की छंटनी हुई; और

(ग) इन उद्योगों में कितनी Investment हुई और कितनी Disinvestment हुई; ब्यौरा दें ?

----

### हवाई पत्तन का विस्तार

*3536 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश सरकार द्वारा क्या जिला कांगड़ा स्थित हवाई पत्तन के विस्तारीकरण की

योजना केन्द्र सरकार को भेजी गई है; और

(ख) यदि हाँ, तो प्रस्तावना की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## कुत्तों द्वारा काटना

***3537 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक एक जनवरी, 2016 से 30 नवम्बर, 2016 तक कुत्तों ने जिलाशः कितने लोगों को काटा और सरकारी अस्पतालों में कितने लोगों को एंटी रेबीज वैक्सीन निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि सरकार ने आवारा कुत्तों की गणना जिलाशः करवाई है; यदि हां, तो जिलाशः कितने-कितने कुत्ते किस-किस स्थान पर हैं; ब्यौरा दें?

----

## शौचालय का निर्माण

***3538 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में केन्द्रीय/राज्य योजना के अन्तर्गत निजी शौचालय के निर्माण हेतु ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में कितनी धनराशि उपदान के रूप में दी जा रही है;

(ख) गत तीन वर्षों में इस योजना के अन्तर्गत विभिन्न जिलों में कितने शौचालयों के निर्माण हेतु धनराशि दी गई;

(ग) कितने मामले प्रत्येक जिला में इस योजना के अन्तर्गत उपदान हेतु लम्बित पड़े हैं; ब्यौरा दें; और

(घ) दिनांक 30-11-2016 तक सरकार ने ऐसे कितने लोगों को नोटिस जारी किए हैं जिन्होंने अपने घर व संस्थान में शौचालय का निर्माण नहीं किया है; ब्यौरा जिलावार दें?

----

## आयोग का गठन

***3539 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र के अनुसार कर्मचारियों के वेतन सम्बन्धी विवाद/विसंगतियों को दूर करने के लिए प्रदेश स्तर पर कोई आयोग गठित किया था; और

(ख) यदि हां, तो उसकी क्या रिपोर्ट है और कितनी श्रेणियों के विवाद/विसंगतियों को दूर किया गया; ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण?

----

## 14वें वित्तायोग से प्राप्त धनराशि

***3540 श्री बिक्रम सिंह(जसवां-प्रागपुर) :**
**श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01 अगस्त, 2016 से 30 नवम्बर, 2016 तक प्रदेश को 14वें वित्तायोग द्वारा कितनी धनराशि दी गई तथा इसका आबंटन जिलावार किस आधार पर किया गया; ब्यौरा दें?

----

## सब-स्टेशन की स्थापना

***3541 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभाग द्वारा चौपाल, नेरवा तथा कुपवी में क्रमशः 22KV, 33KV तथा 66KV के सब-स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक इन सब-स्टेशनों का कितना कार्य पूर्ण हो गया है तथा ये कब तक स्थापित कर दिए जाएंगे?

----

## Construction/Strengthening of National Highway

***3542 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the construction/strengthening work of NH 21 A(New105) has been delayed abnormally;

(b) whether it is a fact that the work executed at various reaches between Nalagarh and Swarghat is being damaged time and again;

(c) whether it is also a fact that the process of land acquisition has not been completed till date and by when it will be completed;

(d) if yes, by when the construction/widening and strengthening work of the road from Nalagarh to Swarghat will be completed by following the NH norms i.e. the width of black top, berms and drains; and

(e) whether the Government will punish guilty Engineers and Contractors for this abnormal delay?

----

## 22 के0वी0 सब-स्टेशन

***3543 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कांसाकोटी, गुम्मा व चिड़गांव में 22 के0वी0 कन्ट्रोल प्वांइट का कार्य कब तक प्रारम्भ होगा; ब्यौरा दें; और

(ख) दिनांक 01 जनवरी, 2012 से 30 नवम्बर, 2016 तक इस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोहे के कितने खम्भे लगाए गए और कितनी बिजली की नई लाईन बिछाई गई; ब्यौरा दें?

----

## नाबार्ड के अन्तर्गत धनराशि

***3544 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 30.11.2016 तक सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य विभाग की विधायक प्राथमिकता की कौन-कौन सी पेयजल योजनाएं वित्तपोषण हेतु नाबार्ड के पास लम्बित हैं; और

(ख) इन योजनाओं की स्वीकृति कब तक मिल जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## भवन रहित पाठशालाएं

***3545 श्री बिक्रम सिंह जरयाल(भटियात) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी ऐसी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक, उच्च, माध्यमिक एवं प्राथमिक पाठशालायें हैं जिनके भवन नहीं हैं या गिरने की कगार पर है; ब्यौरा पाठशाला के नाम सहित दें;

(ख) कितनी पाठशालाओं में भवन निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा पाठशालावार दें; और

(ग) कितनी पाठशालायें ऐसी हैं जिनके भवन शिक्षा विभाग के नाम नहीं हैं; ब्यौरा पाठशालावार दें?

----

## आई0 टी0 आई0 भवन

***3546 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आई0 टी0 आई0 पट्टा व कुठाड़ के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इनके भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; ब्यौरा दें ?

----

## Recruitment in Cooperative Banks

***3547 Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Cooperation Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that new recruitments to different categories of posts have been made from 01-01-2013 onwards in Kangra Central Cooperative and other Cooperative Banks in the Pradesh; and

(b) if so, the details such as names of persons selected/ recruited category-wise alongwith their addresses be given?

----

## आयुर्वैदिक औषधालय

***3548 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक प्रदेश में कितने आयुर्वैदिक औषधालय कार्यरत हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आयुर्वैदिक औषधालयों में कितने डॉक्टर तैनात हैं तथा कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा औषधालयवार दें?

----

## सामग्री का क्रय

***3549 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 01 अप्रैल 2013 से दिनांक 30.11.2016 तक प्रदेश के विभिन्न सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डलों में कितनी फिटिंग किन-किन सप्लायरों से, किस-किस दर पर क्रय की गई; ब्यौरा सप्लायरों के नाम पते सहित व मद वार खर्च की गई धनराशि सहित दें;

(ख) इस अवधि में वर्षवार विभिन्न मण्डलों में कितना-कितना बजट प्रदेश/केन्द्रीय योजनाओं से आबंटित किया गया;

(ग) इन योजनाओं के लिए क्या पाइपें क्रय कर ली गई हैं व कार्य पूर्ण हो गए हैं; ब्यौरा योजना के नाम व धनराशि सहित दें; और

(घ) विभाग द्वारा सभी टैंकों को ढकने एवं चारों ओर फैंसिग का कार्य क्या प्रारम्भ किया गया है; मण्डलवार कितनी-कितनी धनराशि इस कार्य को जारी की गई; ब्यौरा मण्डलवार दें?

----

## योजनाओं हेतु धनराशि

***3550 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इस वित्तीय वर्ष में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कौन-कौन सी योजनाओं को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उप योजना में डाला गया है; और

(ख) इन योजनाओं हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत सड़कें

***3551 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी सड़कें विधायक प्राथमिकता में शामिल की गईं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## स्टोन क्रशर

***3552 श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**
**श्री इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक प्रदेश में कितने स्टोन क्रशर्ज स्थापित हैं तथा कितनों के पास सारी औपचारिकताएं पूर्ण हैं व वर्तमान में कार्य कर रहे हैं और इनके पास कितनी-कितनी Mining Lease कितने-कितने हैक्टेयर की कब से कब तक स्वीकृत है; उत्पादन क्षमता की सूचना क्रशरवार दें;

(ख) वर्ष 2013-14 में कितने क्रशरों द्वारा कम्पाऊंडिंग शुल्क न दिए जाने पर कितनी-कितनी राशि किन-किन क्रशरों से लेनी शेष है; ब्यौरा दें;

(ग) विभाग द्वारा CWP 2632 of 2009 में क्या कार्रवाई की गई तथा इनकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) कितने क्रशर बड़े प्रोजैक्टों, Hydel Projects और लोक निर्माण विभाग की सड़कों के निर्माण में कार्यरत हैं तथा इनसे कितनी कम्पाऊंडिंग फीस बनती है व कितनी प्राप्त कर ली गई है तथा कितनी शेष है; विवरण क्रशरवार दें; और

(ङ) इन क्रशरों द्वारा उत्पादित की गई रेत और बजरी के मूल्य का निर्धारण करने का क्या मापदण्ड है; ब्यौरा दें?

----

## माईनिंग गार्ड की तैनाती

***3553 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार ने प्रदेश में अवैध खनन को रोकने हेतु कितने माईनिंग गार्ड तैनात किए हैं; ब्यौरा उप मण्डलवार दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितनी नदियाँ व खड्डें नीलाम की गईं; ब्यौरा दें ?

----

## कार्य आरम्भ करना

***3554 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि भून्तर में तहसील भवन तथा टूरिज्म इन्फोरमेशन सैन्टर का निर्माण कार्य धन उपलब्ध होने के

बावजूद भी आरम्भ नहीं किया गया है; यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

----

## सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि

*3555 **श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि दिनांक 1.1.2013 से 31.10.2016 तक सरकार द्वारा प्रदेश में सिंचाई की योजनाओं में बढ़ोतरी के फलस्वरूप कितने सिंचित क्षेत्र में बृद्धि हुई; ब्यौरा जिलावार दें?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना

*3556 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में नए प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के क्या नियम निर्धारित हैं; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) गत तीन वर्षों में जसवां-प्रागपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तरोन्नत किये गए; इन स्तरोन्नत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्या निर्धारित स्टाफ व पर्याप्त भवन हैं; यदि नहीं, तो ब्यौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रवार दें?

----

## व्यापारिक संस्थाओं/दुकानों का पंजीकरण

*3557 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश के व्यापारिक संस्थानों/दुकानों के लिए लाईसैंस/पंजीकरण के लिए Food Safety and Standards Act, 2006 के अन्तर्गत क्या प्रक्रिया विद्यमान है और उन्हें यह लाईसैंस/अनुमति किस अधिकारी द्वारा प्रदान की जाती है; और

(ख) वर्तमान में ऐसे संस्थानों/दुकानों के लाईसैंस व पंजीकरण की क्या प्रक्रिया है तथा वर्तमान में किस स्तर के अधिकारी द्वारा यह लाईसैंस/अनुमति दी जा रही है; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाएं

*3558 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विभाग द्वारा कितनी उठाऊ पेयजल/सिंचाई योजनाएं स्वीकृत की गईं; ब्यौरा दें;

(ख) इनमें से कितनी योजनाएं पूर्ण कर ली गई हैं और कितनी योजनाओं का कार्य प्रगति पर है; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ग) दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक इन योजनाओं पर कितनी धनराशि खर्च की गई तथा कितनी शेष है; ब्यौरा दें?

----

## Sanctioned Strength

*3559 **Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the sanctioned strength of Doctors, including specialists, category wise in respect of 100 bedded Hospitals in the State;

(b) what is the sanctioned strength of Doctors i.e. specialists category wise in respect of 100 bedded Hospital Nalagarh vis-a-vis the Doctors and specialists deployed at present; and

(c) whether the Government proposes to increase the strength of the Doctors/Specialists/Para Medical Staff proportionate to the O.P.D. in Nalagarh due to Industrial inflow?

----

## पशु चिकित्सकों की रिक्तियां

*3560 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 30 नवम्बर, 2016 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने नए पशु चिकित्सालय व औषधालय खोले गए;

(ख) वर्तमान में पशु चिकित्सकों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) विभाग के कितने संस्थान अपने भवनों में कार्यरत हैं; ब्यौरा दें?

----

## अनुसूचित जाति उप-योजना

***3561 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2014 से 30 नवम्बर, 2016 तक सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना की कितनी योजनाएं स्वीकृत हुईं; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) इस अवधि में इन योजनाओं हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय हुई; सड़कों का विवरण अलग से दें?

----

## वन मण्डलाधिकारी की शक्तियां

***3562 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वन मण्डलाधिकारी किन-2 कार्यों के लिये Forest Land को Transfer/NOC दे सकता है; वन भूमि पर विकास कार्य करने के लिए कितने/कौन-कौन से तथा किस आकार के पेड़ कटवाने हेतु NOC दे सकता है; नियम की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) पंचायत स्तर पर TD फार्म में प्रधान या उप-प्रधान दोनों सिफारिश कर सकते हैं या केवल प्रधान ही स्वीकृति दे सकता है; इन नियमों की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## उप स्वास्थ्य केन्द्र खरोटा

***3563 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दून विधान सभा निवार्चन क्षेत्र के अन्तर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र खरोटा के भवन की मरम्मत हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा कब तक इसकी मरम्मत करवा दी जाएगी?

----

## Conversion of Services

***3564 Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the Government is considering the conversion of services of Panchayat Chowkidars who have completed 7 years of their continuous service into daily wagers and thereafter for regularization on the pattern of Revenue Chowkidars; and

(b) if not, by when the Government proposes to bring such policy into force?

----

## ग्राम रोजगार सेवक/तकनीकी सहायक

***3565 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 30-11-2016 तक प्रदेश में कितने GRS (ग्राम रोजगार सेवक) तथा तकनीकी सहायक कार्यरत हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इन्हें कब तक नियमित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## उठाऊ सिंचाई योजना धमान्दर

***3566 श्री सुरेश कुमार(पच्छाद) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) उठाऊ सिंचाई योजना धमान्दर व चन्दोल का कार्य कब-कब प्रारम्भ किया गया; इस वित्तीय वर्ष में इनके लिए कितनी-कितनी धनराशि का प्रावधान है; इनका कितना कार्य हो चुका है व कितना शेष है ; और

(ख) दिनांक 30.11.2016 तक कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है और इन योजनाओं का कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा ?

----

## उठाऊ पेयजल योजना चैलचौक

***3567 श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत उठाऊ पेयजल योजना चैलचौक का शिलान्यास किस वर्ष किया गया; और

(ख) इस योजना के लिए कितने बजट का प्रावधान किया गया है; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 3 दिसम्बर, 2016.** **सचिव।**